**माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग, बिहार की अध्यक्षता में दिनांक 03.07.2025 को संपन्न बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन योजना की समीक्षा बैठक की कार्यवाही**

**उपस्थिति:-** (पंजी के अनुसार)

**कार्यावली संख्या –01:- आधारभूत संरचना निर्माण की प्रगति की समीक्षा।**

माननीय मंत्री द्वारा प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समितियों (PVCS) में आधारभूत संरचना निर्माण की प्रगति के संबंध में पृच्छा की गई। हरित सब्जी संघ के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि उनके संघ अंतर्गत 18 PVCS में निर्माण कार्य प्रगति पर है।

**निर्णय/निदेश:-**

माननीय मंत्री द्वारा निदेश दिया गया कि:

(i) जिन सभी PVCS हेतु संघ को राशि प्राप्त हो चुकी है, उनमें अविलंब निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए।

(ii) BSWC (बिहार राज्य भंडार निगम) को निदेश दिया गया कि 7 दिनों के अंदर जिन PVCS में आधारभूत संरचना हेतु ले-आउट (Layout) नहीं हुआ है, वहां अभियंता को प्रतिनियुक्त करते हुए ले-आउट पूर्ण किया जाए।

**कार्यावली संख्या –02:- मिथिला सब्जी संघ में योजनाओं की धीमी प्रगति की समीक्षा।**

मिथिला सब्जी संघ में योजनाओं की धीमी प्रगति को देखते हुए, माननीय मंत्री द्वारा निर्देश दिया गया कि तत्कालीन मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जो सम्प्रति सहायक निबंधक, स० स०, बेनीपुर, दरभंगा के पद पर पदस्थापित हैं, को कारण पृच्छा निर्गत की जाए।

साथ ही, माननीय मंत्री द्वारा प्रभारी मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी पर भी योजनाओं की धीमी प्रगति तथा संघ से PVCS को राशि हस्तांतरण में हुए विलंब के लिए कारण पृच्छा करने का निदेश दिया गया। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर विभागीय कार्यवाही प्रारंभ करने का निदेश दिया गया।

**कार्यावली संख्या –03:- प्याज भंडारण योजना की समीक्षा।**

प्याज भंडारण योजना की प्रगति की समीक्षा की गई।

**निर्णय/निदेश:-**

निदेश दिया गया कि सभी संघ यथाशीघ्र राशि प्राप्त PVCS में कार्य प्रारंभ कराएं। साथ ही, जिन PVCS के लिए अब तक भूमि उपलब्ध नहीं कराई गई है, वहां आवश्यक पट्टा समझौता (Lease Agreement) कराकर अविलंब भूमि उपलब्ध कराया जाए।

**कार्यावली संख्या – 04 :- मानव संसाधन (HR) एजेंसी की नियुक्ति की प्रगति की समीक्षा।**

HR एजेंसी के पैनल में चयन की प्रगति की समीक्षा की गई।

**निर्णय/निदेश:-**

निदेश दिया गया कि निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए यथाशीघ्र मानव बल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। यह भी निदेश दिया गया कि मगध संघ एवं भविष्य में बनने वाले अतिरिक्त संघों हेतु भी Empaneled HR Agency के माध्यम से नियुक्ति हेतु योजना स्वीकृत कराई जाए।

**कार्यावली संख्या –05 :- आलू-टमाटर बीज/पौधा वितरण योजना की समीक्षा।**

**निर्णय/निदेश:-**

निदेश दिया गया कि अगली बैठक में सभी संघ आलू-टमाटर बीज/पौधा वितरण से हुए उत्पादन (Production) से संबंधित प्रतिवेदन तैयार कर उपस्थित होंगे।

**कार्यावली संख्या –06 :- सदस्यता अभियान एवं PVCS के व्यावसायिक प्रदर्शन की समीक्षा।**

PVCS में सदस्यों की संख्या एवं उनके व्यवसाय की स्थिति पर पृच्छा की गई। संघों के अध्यक्षों द्वारा बताया गया कि हरित संघ में 37, तिरहुत संघ में 45-50, तथा मिथिला संघ में 15-18 PVCS वर्तमान में व्यवसाय कर रही हैं।

**निर्णय/निदेश:-**

(i) विशेष सदस्यता अभियान चलाकर सभी PVCS में न्यूनतम 200 सदस्य बनाना सुनिश्चित किया जाए।

(ii) व्यवसाय एवं सदस्यता को प्रोत्साहित करने हेतु अच्छा कार्य करने वाले PVCS को सम्मानित करने का निदेश दिया गया।

**कार्यावली संख्या –07 :- बीज वितरण एवं जैविक खेती हेतु कार्य योजना।**

निर्णय/निदेश:-

(i) मौसम के आधार पर एक वर्षीय योजना बनाकर बीज वितरण करने का निदेश दिया गया। कृषि विभाग से समन्वय स्थापित कर उन बीज के प्रकारों को प्राथमिकता देने का निदेश दिया गया जो कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं।

(ii) जैविक खेती को प्रोत्साहित करने हेतु राज्य में कार्यरत जैविक FPOs के साथ बैठक करने का निदेश दिया गया।

**कार्यावली संख्या –08 :- अंतर-विभागीय समन्वय एवं भावी कार्यक्रम।**

निर्णय/निदेश:-

(i) योजना के सफल कार्यान्वयन हेतु कृषि विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ माननीय मंत्री स्तर पर एक अंतर-विभागीय बैठक आयोजित करने का निदेश दिया गया।

(ii) राज्य स्तरीय तरकारी महोत्सव का आयोजन दिनांक 29.07.2025 को बापू सभागार, पटना में करने का निदेश दिया गया।

(iii) संघों को कार्यशील पूंजी (Working Capital) उपलब्ध कराने हेतु प्रस्ताव तैयार करने का निदेश दिया गया।

(iv) सरकारी संस्थान यथा जेल, MDM एवं सरकारी छात्रावासों में PVCS/संघों को सब्जी आपूर्ति के लिए प्राथमिकता देने हेतु मंत्री परिषद् में संलेख उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।

**कार्यावली संख्या –09 :- भूमि की उपलब्धता एवं योजना विस्तार हेतु निदेश।**

माननीय मंत्री द्वारा संघों के अध्यक्षों एवं मुख्य कार्यपालक पदाधिकारियों को भूमि की उपलब्धता हेतु प्रयास करने का निर्देश दिया गया। वेजफेड को निदेश दिया गया कि मुख्य सचिव की मासिक समीक्षात्मक बैठक में निम्नलिखित योजनाओं हेतु भूमि की आवश्यकता से सम्बंधित कार्यावली को शामिल करने की कार्रवाई की जाए।

(i) **सब्जी हब निर्माण हेतु**:-प्रत्येक जिले में 2 एकड़ जमीन।

(ii) **आधारभूत संरचना निर्माण हेतु**:-प्रत्येक प्रखंड में 10000 वर्ग फीट भूमि।

(iii) **तरकारी आउटलेट निर्माण हेतु**:- 250 वर्ग फीट भूमि।

**कार्यावली संख्या –10 :- सब्जी उत्पादक समितियों को ऋण उपलब्धता की समीक्षा।**

माननीय मंत्री द्वारा बिहार राज्य सहकारी बैंक से सब्जी उत्पादक समितियों को क्रेडिट (ऋण) उपलब्धता के संबंध में पृच्छा की गई। प्रबंध निदेशक, SCB द्वारा बताया गया कि संघ से संबद्ध समिति CC (कैश क्रेडिट) हेतु सभी आवश्यक कागजातों के साथ आवेदन करें।

निर्णय/निदेश:-

माननीय मंत्री द्वारा सभी संघों को निर्देश दिया गया कि अपने संबद्ध PVCS से CC Loan हेतु सभी आवश्यक कागजातों के साथ DCCB (जिला केंद्रीय सहकारी बैंक) में आवेदन कराना सुनिश्चित करें।

**कार्यावली संख्या –11:- PVCS में कार्यालय स्थापना एवं उपस्कर क्रय की समीक्षा।**

माननीय मंत्री द्वारा सभी संघों से उनके संबद्ध PVCS में कार्यालय स्थापना पर पृच्छा की गई। संबंधित सब्जी संघों के अध्यक्षों ने बताया कि हरित संघ में 45, तिरहुत संघ में 31 एवं मिथिला संघ में 25 PVCS कार्यालय स्थापित हो चुके हैं।

निर्णय/निदेश:-

माननीय मंत्री द्वारा निर्देश दिया गया कि 15 दिनों के अंदर सभी संबद्ध PVCS में किराया पर कार्यालय एवं उपस्कर क्रय का कार्य पूर्ण कर लिया जाए।

**कार्यावली संख्या –12 :- भविष्य की योजनाओं हेतु प्रस्ताव।**

निर्णय/निदेश:-

सभी संघों को अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप Procurement, Processing एवं Marketing हेतु योजना प्रस्ताव शीघ्र फेडरेशन को भेजने का निदेश दिया गया।

**कार्यावली संख्या –13:-** ERP में समस्याओं का निराकरण किया जाय। अगली बैठक में अद्यतन प्रतिवेदन उपस्थापित किया जाय।

**कार्यावली संख्या –14:-** बिपार्ड में सब्जी आपूर्ति हेतु वेजफेड स्तर से पत्र निर्गत किया जाय।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त की गई।

(प्रभात कुमार) 9/7/25
प्रबंध निदेशक,
वेजफेड, पटना।

ज्ञापांक 565 दिनांक 09/7/2025

प्रतिलिपि:-1.निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

2.प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य सहकारी बैंक, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3.सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

4.अध्यक्ष/मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हरित सब्जी संघ, पटना/तिरहुत सब्जी संघ, मोतिहारी/मिथिला सब्जी संघ, दरभंगा/मगध सब्जी संघ गया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

5.सभी उप मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रबंध निदेशक 9/7/25
वेजफेड, पटना।

ज्ञापांक 565 दिनांक 09/7/2025

प्रतिलिपि:-1.माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग, बिहार के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रबंध निदेशक 9/7/25
वेजफेड, पटना।